# U.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE (MAIN) 2018

**(Part 01)**

**Law-I (Substantive Law) / विधि-। (मौलिक विधि)**

**Time – 3 Hours** **Markes - 200**

1. (A) Write notes in detail on following:
निम्नलिखित पर विस्तार से टिप्पणी लिखिए :

1. Concept of equality and reasonable classification in the Constitution of India.
भारतीय संविधान में समानता एवं युक्तियुक्त वर्गीकरण की अवधारणा।
[10]

2. Concept of services in Part XIV of the Constitution of India.
भारतीय संविधान के भाग XIV में सेवा की अवधारणा।
[10]

3. Power of Parliament to amend the constitution and procedure therefor.
संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति और उसकी प्रक्रिया।
[10]

1(B). (1) Discuss the rights of citizenship of certain persons of Indian origin residing outside India.
भारत से बाहर निवास करने वाले भारतीय मूल के कतिपय व्यक्तियों की नागरिकता के अधिकारों की विवेचना कीजिए।
[5]

(2) Whether extension of jurisdiction of Punjab and Haryana High Court to the Union territories of Chandigarh is valid, if yes, then under which provision of the Constitution of India?
क्या संघ राज्य क्षेत्र प्रदेश चंडीगढ़ के लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का विस्तार वैध है, यदि हा, तो भारतीय संविधान के किस प्रावधान के अन्तर्गत?
[5]

(3) Write short notes on following:
निम्नलिखित पर लघु टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Establishment of Tribunals as per provisions of Article 323-B of the Constitution of India.
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 323-B के प्रावधानों के अनुसार न्यायाधिकरणों की स्थापना।
[5]

(b) Fundamental duties under Article 51-A of the Constitution of India.
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51-A के अन्तर्गत मूलभूत कर्तव्य।
[5]

2(A). Discuss the rights of a daughter in the property of a joint Hindu family governed by the Mitakshara Law.
मिताक्षरा विधि द्वारा शासित संयुक्त हिन्दू परिवार की सम्पत्ति में एक पुत्री के अधिकारों की विवेचना कीजिए।
[10]

2(B). (1) Discuss the grounds of Divorce under the Hindu Marriage Act, 1955. How Divorce differs from judicial separation ?
हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत विवाह-विच्छेद के आधारों की विवेचना कीजिए। विवाह-विच्छेद किस प्रकार न्यायिक पृथककरण से भिन्न होता हैं?
[10]

(2) Discuss the provisions relating to "Order for payment of maintenance" under Muslim Women (Protection of Rights on Divorce) Act, 1986.
मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत "भरण पोषण भुगतान आदेश" से संबंधित प्रावधानों की विवेचना कीजिए।
[10]

(3) Who is a natural guardian of an illegitimate Hindu child?
हिन्दू अधर्मज सन्तान का नैसर्गिक संरक्षक कौन है?
[5]

(4) What do you understand by the terms Half blood, Full blood and Uterine under Hindu Succession Act, 1956?
हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत अर्धरक्त, पूर्णरक्त एवं एकोदर शब्दों से आप क्या समझते हैं?



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

[5]

3. Discuss the following:
निम्नलिखित की विवेचना कीजिए:

(A) (1) Transfer of property pending suit relating thereto.
ऐसी सम्पत्ति का अन्तरण जिससे सम्बन्धित वाद लम्बित हो।

[5]

(2) Rights of mortgagee in possession.
सकब्जा बंधकदार के अधिकार।

[5]

(B) Answer the following:
निम्नलिखित का उत्तर दीजिए :
Ajay transfers Rs. 5 lac to a woman on condition that she shall instigate her husband to kill a girl who happens to be a friend of Ajay. Whether such transfer is valid ?
Substantiate your answer with reasons in light of the provisions in this regard under the Transfer of Property Act, 1882.
अजय एक महिला को इस शर्त पर 5 लाख रूपये का अंतरण करता है कि वह अपने पति को एक ऐसी लड़की की हत्या करने के लिए उकसायेगी जो अजय की मित्र है। क्या ऐसा अन्तरण वैध है?
सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत इस सम्बन्ध में प्रावधानों के आलोक में कारणों के साथ अपने उत्तर को सिद्ध कीजिए।

[10]

(C) Discuss the law relating to duration of certain lease in absence of written contract or local usage.
लिखित अनुबंध या स्थानीय प्रथा के अभाव में कतिपय पट्टा की अवधि से संबंधित विधि की व्याख्या कीजिए।

[10]

4. (A) Discuss in short the terms "Lawful purpose", "Trust of immovable and movable property" and the "creation of trust" with reference to the provisions of Indian Trust Act, 1882".
भारतीय न्यास अधिनियम के प्रावधानों के संदर्भ में "विधिपूर्ण प्रयोजन", "अचल एवं चल संपत्ति का न्यास". एवं "न्यास का सृजन" शब्दों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

[10]

(B) Discuss powers of the Registrar for rectification of mistakes under the Indian Partnership Act, 1982,
भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1982 के अन्तर्गत त्रुटियों के परिशोधन हेतु निबंधक की शक्तियों की व्याख्या कीजिए।

[10]

(C) 'X' as owner of a dominant heritage, has a right of way over 'Y's' land. 'Z' without any authority of law enters on 'Y's' land, and obstructs 'X' in his right of way. 'X' sue 'Z' for compensation against obstruction and also to ensure his right for the entry.
Draw an order determining rights of the plaintiff in accordance with provisions of Easements Act, 1882.
एक अधिष्ठायी संपत्ति के स्वामी के रूप में 'X' को 'Y' की भूमि पर मार्गाधिकार अधिकार प्राप्त है। 'Z' बिना किसी प्राधिकार के 'Y' की भूमि पर प्रवेश करता है और 'X' के मार्गाधिकार को बाधित करता है। 'X' बाधा के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए और साथ ही प्रवेश हेतु उसका अधिकार सुनिश्चित करने के लिए 'Z' के विरूद्ध वाद दायर करता है।
सुखाचार अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के अनुसार वादी के अधिकारों का निर्धारण करते हुए एक आदेश की रचना कीजिए।

[10]

(D) Explain the term "Fraudulent Transfer" under the Transfer of Property Act, 1882.
संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत "कपटपूर्ण अंतरण" शब्दावली का विश्लेषण कीजिए।

[10]

(E) Discuss the following as per provisions of the Indian Contract Act, 1872:
Enforcement of contract contingent on an event happening, an event not happening and when the such event to be deemed impossible, it is the future conduct of living persons.
भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित की विवेचना कीजिए :
ऐसी संविदा का प्रवर्तन जो किसी घटना के घटित होने पर समाश्रित हो, जो किसी घटना के घटित न होने पर समाश्रित हो और जब ऐसी घटना असम्भव समझी जाए, तो यह जीवित व्यक्तियों का भावी आचरण होता है।

[20]

5. (A) Explain the rules relating to the devolution of liabilities and right of joint promisers and joint promisees in a contract?
संयुक्त दायित्वों के न्यागमन से संबंधित नियम एवं संविदा के संयुक्त वचनदाता एवं वचनग्रहीता के अधिकारों की व्याख्या कीजिए ?



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

[10]

(B) 'A' guarantees to 'B' the payment of a bill of exchange by 'C' the acceptor. The bill is dishonoured by 'C'. Explain the liability of 'A' in respect of amount of the bill, interest and charges which may have become due, with legal provisions.

'ख' को 'क' एक विनिमय पत्र के प्रतिग्रहीता 'ग' द्वारा संदाय की प्रत्याभूति देता है। विनिमय पत्र 'ग' द्वारा अनादृत किया जाता है। विनिमय पत्र की रकम, ब्याज और प्रभारों जो उस पर शोध्य हो गये हों, के संबंध में 'क' के दायित्व की व्याख्या विधिक प्रावधानों के सहित करें।

[10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)